महत्वपूर्ण एवं खास

कार की टक्कर से स्कूटी सवार घायल

महासमुंद (आरएनएस)। कार की टक्कर से एक स्कूटी सवार घायल हो गया। मामला पिथौरा थाना क्षेत्र का है। बीते शुक्रवार को लहरौद निवासी स्वराज दास (65) स्कूटी क्रमांक से सीजी 04 केडब्ल्यू 4134 से जा रहा था। संजय पेट्रोल पंप के सामने कर सीजी 06 जीएस 7625 के चालक ने स्कूटी को ठोकर मार दिया। जिससे वह बेहोश हो गया। पुलिस ने धारा 279, 337 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

युवक ने फांसी लगाई

महासमुंद (आरएनएस)। बसना थाना क्षेत्र के खरोरा में युवक ने फांसी लगा ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। 23-23 की दरम्यानी रात खरोरा के अनिरुद्ध साहू ने अपने खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या का कारण अज्ञात है।

खैर लकड़ियों से भरा वाहन पुल से टकराकर पलटा

महासमुंद (आरएनएस)। वन परिक्षेत्र बसना के ग्राम बरौली से आमापाली के बीच स्थित राइस मिल के पास खैर लकडिय़ों से भरा 407 वाहन पुल से टकराकर पलट गया। घटना के बाद वाहन को छोडक़र ड्राइवर मौके से फरार हो गया। रेंजर सुखराम निराला ने बताया कि वाहन क्रमांक सीजी 04 जी 8984 में ओडिशा के किसी गांव से खैर लकड़ी का परिवहन अवैध रूप से किया जा रहा था। दुर्घटनाग्रस्त वाहन किसी हाजी गुलाम कदर के नाम पर पंजीकृत है। वन अमला मामले की जांच कर रहा है।

आग से पैरावट और तीन मकानें जलकर हुआ राख

बलौदाबाजार (आरएनएस)। पलारी थाना क्षेत्र के ग्राम खपरी में पैरावट में आग लग गई. आग इतनी तेजी से फैली कि पैरावट से लगे तीन मकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उन्हें सामानों को निकालने का मौका नहीं मिला. वहीं एक बुजुर्ग महिला जो धान बेचकर 60 हजार रूपये लेकर आयी थी. घर में रखी थी. वह भी जलकर खाक हो गए. इसके साथ ही पडोसी बाला राम के घर का सामान और पांच हजार रूपये जल गये हैं. घटना की सूचना पर पलारी पुलिस और दमकल विभाग मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया. जब तक आग पर काबू पाया जाता, तब तक लाखों का नुकसान हो गया. फिलहाल कोई जनहानि की सूचना नहीं है. पलारी पुलिस आग के कारणों का पता लगाने के साथ जांच में जुटी है. 15 एकड़ के पैरावट मे लगी भीषण आग पर बलौदाबाजार दमकल विभाग सहित सीमेंट संयंत्रों की दमकल टीम की चार गाडियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है।

दूसरे जमीन को अपना बताकर बेचा, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के पंडरी पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि आरोपी ने दूसरे की जमीन को अपना बताकर 37 लाख से अधिक की ठगी की थी। बता दें कि दुबे कालोनी मोवा में रहने वाला राजेन्द्र प्रसाद वर्मा ने थाना पण्डरी में शिकायत किया था कि तेलीबांधा स्थित उषा डेवलपर्स नामक फर्म के संचालक नरोत्तम लाल कुर्रे जो जमीन के खरीदी बिक्री का कार्य करता है के द्वारा राजेन्द्र को किसी अन्य व्यक्ति की जमीन को स्वयं का बताकर 37 लाख 59 हजार रूपए में बेच दिया था। जब जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए बोला गया, तो आरोपी टाल मटोल करने लगा। जिसके बाद राजेन्द्र ने इसकी शिकायत थाने में की थी। मामले में पुलिस ने आज आरोपी नरोत्तम कुर्रे को जांजगीर-चांपा से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश की विभिन्न नौ सिंचाई योजनाओं के लिए 30.59 करोड़ रूपए की स्वीकृत

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश की नौ विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के कार्यों को कराने के लिए 30 करोड़ 59 लाख 5 हजार रूपए स्वीकृत किए है। योजनाओं के कार्य पूरा होने पर 3 हजार 32 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के विकासखण्ड-वाड्रफनगर की कुकझरिया व्यपवर्तन योजना का जीर्णोद्धार कार्य के लिए तीन करोड़ 87 लाख 60 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 280 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-बलरामपुर की देवीगंज जलाशय योजना के शीर्ष एवं नहर का जीर्णोद्धार तथा नहर लाईनिंग कार्य के लिए दो करोड़ 57 लाख 74 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से109 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-कुसमी की भुलसी जलाशय योजना के नवीनीकरण कार्य के लिए दो करोड़ तीन लाख 13 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 176 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड कुसमी की सरईडीह जलाशय योजना के नहर निर्माण कार्य के लिए तीन करोड़ 69 लाख 45 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 210 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-रामचन्द्रपुर की कामेश्वर नगर जलाशय योजना के बांध एवं नहर का जीर्णोद्धार कार्य के लिए दो करोड़ 24 लाख 45 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। जशपुर जिले के विकासखण्ड-जशपुर की बांकी नाला व्यपवर्तन योजना के लाईनिंग कार्य के लिए दो करोड़ 69 लाख 23 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 122 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

विकासखण्ड पत्थलगांव की तमता जलाशय योजना का जीर्णोद्धार कार्य के लिए सात करोड़ 82 लाख रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 1660 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड बगीचा की कोदोधारा जलाशय योजना के कार्य के लिए दो करोड़ 96 लाख 50 हजार रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 195 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी। विकासखण्ड-मनोरा की बेंजोरा व्यपवर्तन योजना के लाईनिंग कार्य के लिए दो करोड़ 68 लाख 95 लाख रूपए स्वीकृत किए गए है। योजना के पूरा होने से 121 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिल सकेगी।

कार की टक्कर से बाइक सवार नाबालिग की मौत

रायपुर (आरएनएस)। राममंदिर के आगे वीआईपी रोड एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो नाबालिग को टक्कर मार दिया। जिससे एक नाबालिग की मौत हो गई। वहीं दूसरा नाबालिग घायल है। मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक प्रतिक अनुराग 17 वर्ष कबीरनगर का रहने वाला था। बताया जाता है कि प्रतिक अपने दोस्त कृष्णा शर्मा के साथ बाइक क्रमांक मोटरसायकिल क्रमांक सीजी 04 एमके 8212 से वीआईपी रोड के तरफ गया था। तभी कार क्रमांक सीजी 04 एनवाय 4995 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार प्रतिक की मौत हो गई। वहीं कृष्णा को घायल अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। पुलिस ने मामले में कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

हाइवा की टक्कर से एक्टिवा सवार युवक की मौत, दूसरा घायल

रायपुर (आरएनएस)। धमतरी रोड अमलीडीह मोड़ के पास एक तेज रफ्तार हाइवा वाहन ने एक्टिवा सवार दो युवकों को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक घायल है, जिसका अस्पताल में उपचार जारी है। मामले में पुलिस ने हाइवा चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार गांधी चौक देवपुरी निवासी प्रार्थी पुष्पेन्द्र साहू 28 वर्ष अपने दोस्त पारस साहू 18 वर्ष के साथ एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एलएल 0954 से कहीं जा रहा था, तभी धमतरी रोड अमलीडीह मोड़ के पास देवपुरी के पास हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 07 बीएस 1783 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक्टिवा को टक्कर मार दिया। जिससे पारस साहू की मौत हो गई। वहीं पुष्पेन्द्र को मामूली चोट आई है। मामले में पुलिस ने हाइवा वाहन को जब्त कर चालक के खिलाफ कार्रवाई की है।

ऑनलाइन सट्टा खेलने वाले सटोरियों पर पुलिस की बड़ी कार्यवाई

❑ 18 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के गोलबाजार और गंज थाना पुलिस की टीम ने मुखबिर की सूचना पर महादेव ऑनलाईन बुकिंग एप में आई.डी. के माध्यम से ऑनलाईन सट्टा का संचालन करते 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 7 नग लेपटाप, 28 नग मोबाइल, 6 नग चार्जर, 2 नग राउटर, 1 एटीएम कार्ड व करोड़ो रूपए के सट्टा का हिसाब किताब जब्त किया है।

बता दें कि एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि होटल सत्कार गली के पास एक व्यक्ति लैपटॉप में महादेव एप के आईडी से ऑनलाईन क्रिकेट सट्टा का संचालन कर रहा है। जिस पर पुलिस की टीम ने आरोपी को पकडक़र पूछताछ किया। जिससे वह अपना नाम बलराम पाठक 21 वर्ष निवासी नेवई जिला दुर्ग का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा बलराम पाठक के लैपटॉप को चेक करने पर उसके द्वारा महादेव एप में आईडी के माध्यम से ऑनलाईन सट्टा संचालित करना पाया गया। बलराम पाठक से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि वह अपने अन्य साथी फारूख रंगरेज 28 वर्ष, मोह. समीर 18 वर्ष, अभिमन्यु सिंह 20 वर्ष, विवेक सिंह 19 वर्ष, दिलीप कुमार वर्मा 34 वर्ष, संजय कुमार 28 वर्ष, तुषार नागदेव 19 वर्ष व तुषार कुमार साहू 19 वर्ष के साथ मिलकर सट्टा खिला रहा है। जिससे पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इसी तरह दूसरे मामले में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गोलबाजार पुलिस की संयुक्त टीम ने शास्त्री मार्केट स्थित मेजबान होटल के पास एक व्यक्ति को मोबाईल फोन में महादेव एप का आईडी बनाकर ऑनलाईन क्रिकेट सट्टा का संचालन करते पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम समीर खान 29 वर्ष निवासी दुर्ग का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा समीर खान के मोबाईल फोन को चेक करने पर उसके द्वारा महादेव एप में आईडी के माध्यम से ऑनलाईन सट्टा संचालित करना पाया गया।

समीर खान से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा बताया गया कि वह अपने अन्य साथी राज साहनी 23 वर्ष, सतीश कुमार 31 वर्ष, रोहित लाल 32 वर्ष, राहुल कुमार 28 वर्ष, चंदन देवांगन 22 वर्ष, इम्तियाजुद्दीन 32 वर्ष, रितु सिंह 19 वर्ष एवं धनंजय सिंह 30 वर्ष जो वर्तमान में दिल्ली के नवादा के फिटनेस जिम पास स्थित एक कमरे में उपस्थित है, के साथ मिलकर महादेव एप में आईडी के माध्यम से ऑनलाईन क्रिकेट मैच, फुटबॉल, लूडो, लक्की-07, डक्कन टाईगर लाईक, कसिनो गेम में सट्टा संचालित किया जा रहा है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

नाबालिग सहित दो चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के खम्हारडीह पुलिस की टीम ने दोपहिया वाहन चोरी करने वाले अपचारी बालक सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 3 नग बाइक व एक सायकिल बरामद किया है।

बता दें कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कचना के पास एक व्यक्ति बिना नंबर के पल्सर बाइक बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर युवक से पूछताछ किया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम नितेश सिन्हा उर्फ अर्जुन सिन्हा 22 वर्ष निवासी टाटीबंध आमानाका का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा नितेश सिन्हा से वाहन के कागजात के संबंध में पूछताछ करने पर उसके द्वारा गोल मोल जवाब देकर लगातार टीम को गुमराह करने का प्रयास करते हुए वाहन के संबंध में किसी प्रकार का कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया।

जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा नितेश सिन्हा से कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने 1 अन्य नाबालिग साथी के साथ जी.ए.डी. कॉलोनी पार्किंग कचना से 3 नग दोपहिया वाहन सहित 1 नग सायकिल को चोरी करना बताया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा मामले में शामिल नाबालिग आरोपी को भी गिरफ्तार किया है।

स्काई वाक : जांच का मामला एसीबी और ईओडब्ल्यू को सौंपने का फैसला

रायपुर (आरएनएस)। राज्य शासन द्वारा स्काई वाक निर्माण प्रकरण में प्रथम दृष्टया अनियमितताओं पाए जाने पर इसकी जांच का मामला एसीबी और ईओडब्ल्यू को सौंपने का निर्णय लिया है।

प्रथम दृष्ट्या प्रकरण में पाए गई निम्नानुसार अनियमितताएं स्पष्ट हो रही हैं- 77 करोड़ की परियोजना का जान बूझकर 2 बार में प्राक्कलन तैयार किया गया ताकि पीएफआईसी से मंजूरी की आवश्यकता न रहे। पीएफआईसी के माध्यम से किसी भी परियोजना के जन हित के संबंध में परीक्षण किया जाता है, जो कि स्काई वाक निर्माण प्रकरण में नहीं किया गया है।

विधानसभा निर्वाचन 2018 की अधिसूचना जारी रहने के दौरान ही लोक निर्माण विभाग द्वारा पुनरीक्षण प्रस्ताव तैयार कर 05 दिसम्बर 2018 को वित्त विभाग को भेजा गया, जो आचार संहिता का स्पष्ट उल्लंघन है। स्पष्ट है यह कार्य विभाग के पदाधिकारियों एवं ठेकेदार को अनुचित लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया है। लोक निर्माण विभाग द्वारा स्काई वाक निर्माण की प्रथम निविदा 04 फरवरी 2017 को जारी की गयी तथा निविदा प्रस्तुत करने हेतु मात्र 15 दिनों का समय दिया गया। 04 फरवरी तक प्रकरण में वित्त विभाग से प्रशासकीय स्वीकृति भी प्राप्त नहीं हुई थी। 15 दिनों मात्र की निविदा हेतु कोई आवश्यकता और औचित्य नहीं दर्शाया गया है, न सक्षम स्वीकृति प्राप्त की गई है।

ड्राइवर से मारपीट कर ट्रक व नकदी रकम की लूटपाट करने वाले दो आरोपियों को उरला पुलिस ने किया गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी के उरला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर लूटपाट करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट की ट्रक, मोबाइल और नकदी रकम जब्त किया है।

मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि प्रार्थी राकेश सिंह ने थाना उरला में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह चालक का कार्य करता है। वह शनिवार को ट्रक क्रमांक सीजी 15 डीवाय 1960 में लकड़ी भरकर सरोरा गया था। लकड़ी खाली करके, खाली ट्रक वाहन का कांटा कराने दशमेश धर्मकांटा जा रहा था। इसी दौरान रात्रि करीबन 10 बजे मिश्रा ढाबा के पास सरोरा मेन रोड में 2 अज्ञात व्यक्ति प्रार्थी के ट्रक वाहन के सामने खड़े हो गये जिस पर प्रार्थी द्वारा ट्रक को रोका गया ट्रक के रूकते ही दोनो व्यक्ति ट्रक में चढ़ गये और प्रार्थी के साथ मारपीट करते हुए प्रार्थी का मोबाईल फोन तथा उसके जेब में रखे नगदी रकम को लूट कर उसे ट्रक से नीचे गिरा कर ट्रक वाहन को लूट कर फरार हो गये। जिस पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों की पतासाजी करते हुए जांच में लिया था। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी कुम्हारी दुर्ग निवासी राहुल सोनी 21 वर्ष एवं दुर्गेश सोनकर 20 वर्ष के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा दोनों की पतासाजी कर दोनों को पकड़ा गया। प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा ट्रक लूट की उक्त घटना को कारित करना स्वीकार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट की ट्रक, 1 नग मोबाईल फोन एवं नगदी रकम 1,000 रूपए जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के हितग्राहियों को दिया भू-अर्जन मुआवजा

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज यहाँ अपने निवास कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित कार्यक्रम में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के हितग्राहियों को भू-अर्जन मुआवजा, चिटफंड कम्पनी से वसूली गई राशि एवँ राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 अंतर्गत दी जाने वाली सहायता राशि वितरण कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं।

इस अवसर पर उद्योग मंत्री कवासी लखमा, स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह, संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी, विधायक गुलाब कमरो, बृहस्पति सिंह, अरुण वोरा, मोहित राम केरकेट्टा यशोदा वर्मा और मुख्यमंत्री के सचिव अंकित आनंद भी उपस्थित हैं।

मुख्यमंत्री ने 2144 हितग्राहियों को कुल 14 करोड़ 35 लाख रुपए से अधिक राशि वितरित की। विभिन्न सिंचाई परियोजनाओं के भू अर्जन मुआवजा के रूप में 52 हितग्राहियों को 6.97 करोड़ रुपए की राशि वितरित की गई, जो 20 से 25 वर्षों से लंबित थी चिटफं ड ठगी का शिकार 146 हितग्राहियों को 11.49 लाख रुपए और प्राकृतिक आपदा से प्रभावित 1946 हितग्राहियों को 7.26 करोड़ रुपए की राशि वितरित की। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की पहल पर 20 से 25 वर्षों से लंबित भू-अर्जन मुआवजा की राशि आज किसानों को मिली।

बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में भेंट मुलाकात के दौरान किसानों, ग्रामीणों जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से मुआवजा नहीं मिलने की शिकायत की थी। मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को प्रकरणों का त्वरित निराकरण कर मुआवजा वितरित करने के निर्देश दिए थे, जिसके परिपालन में आज राशि का वितरण मुख्यमंत्री के हाथों किया गया।

साहेब बंदगी एक दूसरे को सम्मान देने की एक पवित्र अभिवादन संस्कृति - मुख्यमंत्री

❑ कबीरपंथ के संत समागम मेला में शामिल हुए मुख्यमंत्री

❑ मुख्यमंत्री ने कबीरपंथ मेला स्थल के समुचित विकास और संत-साधु के विश्राम भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ रूपए सहित की अनेक घोषणाएं

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज बेमेतरा जिले के ग्राम लोलेसरा में पंथ हुजुर उग्रनाम साहेब स्मृति में कबीरपंथ के संत समागम मेला में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने साहेब बंदगी की जयघोष के साथ कबीरपंथ के गुरू प्रकाश मुनि नाम साहब से आर्शीवाद प्राप्त किया और भव्य आयोजन के लिए पूरे आयोजन समिति और कबीरपंथ के अनुयायियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि साहेब बंदगी मानव से मानवता तक और एक दूसरे को सह-सम्मान करने तथा अभिवादन करने की पवित्र संस्कृति है। इस संस्कृति की महत्ता एवं ख्याति दिनों दिन बढ़ती जा रही है।

मुख्यमंत्री बघेल ने कबीरपंथ आयोजन स्थल में लगभग 1 करोड़ 50 लाख रूपए की लागत से बने 3 विभिन्न नवीन कार्यो का लोकार्पण किया। इनमें पहुंच मार्ग निर्माण कार्य लागत 50 लाख रूपए, भवन निर्माण कार्य लागत 50 लाख रूपए और आहता निर्माण कार्य लागत 50 लाख रूपए शामिल है। मुख्यमंत्री ने कबीरपंथ के गुरू प्रकाश मुनि नाम साहब के आग्रह पर मेला स्थल के समुचित विकास और संत-साधु के विश्राम भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ रूपए प्रदान करने की घोषणा की। साथ ही ग्राम नेवसा में उप-स्वास्थ्य खोलने और कबीरपंथ ग्राम बघुली पहुंच मार्ग का चौड़ीकरण, नवीनीकरण तथा पुल-पुलिया और रपटा निर्माण की भी घोषणा की।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि कबीरपंथ की महत्ता और ख्याति को बढ़ाते हुए धर्मनगरी ग्राम दामाखेड़ा में 22 करोड़ की लागत से विशाल कबीर सरोवर के निर्माण की स्वीकृति दी गई है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि निर्माण को शीघ्र मूर्त रूप दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने राज्य शासन के महत्वाकांक्षी योजना राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, ऋण माफी सहित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनानें वाले गोधन न्याय योजना और रीपा सहित महत्वाकांक्षी सभी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे और बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा ने भी संबोधित किया। मंच पर गुरू गोस्वामी डॉ. भानुप्रताप साहेब, संसदीय सचिव गुरूदयाल बंजारे, जिला पंचायत सदस्य शशिप्रभा गायकवाड़, कलेक्टर जितेन्द्र शुक्ला और पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलिसेला उपस्थित थे।

कबीरपंथ ने सर्व मानव समाज को एक दूसरे को जोडऩे का मार्ग दिखाया- प्रकाश मुनि नाम साहब

कबीरपंथ के गुरू प्रकाश मुनिनाम साहेब ने कहा कि कबीर पंथ कोई धर्म या जाति नहीं, बल्कि सत्गुरु कबीर साहेब द्वारा दिखाया हुआ एक मार्ग है। इस मार्ग पर चलकर हर धर्म, जाति और मजहब का व्यक्ति अपने जीवन को सफल बना सकता है। उन्होंने अपने अनुयायियों को सदाचार और सत्य का मार्ग दिखाते हुए साहेब बंदगी अभिवादन का मूल स्वरूप एवं संदेश दिया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ताकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU